| | | |
|---|---|---|
| 15 | किसी विशिष्ट अभ्यर्थी के लिए मतदान करने या उसको मतदान नहीं करने के लिए इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध करना ख्अधिनियम की धारा (3) (1) (ण) | |
| 16 | मिथ्या, द्वेष पूर्ण या तंग करने वाली विधिक कार्रवाइयां संस्थित करना ख्अधिनियम की धारा (3), (1) (त), | पीड़ित व्यक्ति को पचासी हजार रूपये या वास्तविक विधिक खर्चों और नुकसानियों की प्रतिपूर्ति जो भी कम हो। संदाय निम्नानुसार किया जायेगाः<br>(i) प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) प्रक्रम पर 25 प्रतिशत।<br>(ii) न्यायालय को आरोप पत्र भेज दिये जाने पर 50 प्रतिशत।<br>(iii) अवर न्यायालय द्वारा अभियुक्त के दोष सिद्ध किये जाने पर 25 प्रतिशत। |
| 17 | किसी लोक सेवक को को मिथ्या और तुच्छ सूचना देना ख्अधिनियम की धारा (3), (1) (थ), | पीड़ित व्यक्ति को एक लाख रूपये या वास्तविक विधिक खर्चों और नुकसानियों की प्रतिपूर्ति जो भी कम हो। संदाय निम्नानुसार किया जायेगाः<br>(i) प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) प्रक्रम पर 25 प्रतिशत।<br>(ii) न्यायालय को आरोप पत्र भेज दिये जाने पर 50 प्रतिशत।<br>(iii) अवर न्यायालय द्वारा अभियुक्त के दोष सिद्ध किये जाने पर 25 प्रतिशत। |
| 18 | लोक दृष्टि में आने वाले किसी स्थान पर साशय अपमान या अपमानित किये जाने के लिए अभित्रास ख्अधिनियम की धारा (3) (1) (द), | पीड़ित व्यक्ति को एक लाख रूपये। संदाय निम्नानुसार किया जायेगाः-<br>(i) प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) प्रक्रम पर 25 प्रतिशत।<br>(ii) न्यायालय को आरोप पत्र भेज दिये जाने पर 50 प्रतिशत।<br>(iii) निचले न्यायालय द्वारा अभियुक्त के दोष सिद्ध किये जाने पर 25 प्रतिशत। |
| 19 | लोक दृष्टि में आने वाले किसी स्थान पर जाति के नाम से गाली गलौज करना ख्अधिनियम की धारा (3) (1) (ध), | |
| 20 | धार्मिक माने जाने वाली या अतीत श्रद्धा से ज्ञात किसी वस्तु को नष्ट करना, हानि पहुँचाना या उसे अपवित्र करना ख्अधिनियम की धारा 3 (1) (न), | |
| 21 | शत्रुता, घृणा से वैमन्सय की भावनाओं में अभिवृद्धि करना ख्अधिनियम की धारा (3), (1) (प), | |
| 22 | अति श्रद्धा से माने जाने वाले किसी दिवंगत व्यक्ति का शब्दों द्वारा या किसी अन्य साधन से अनादर करना ख्अधिनियम की धारा (3), (1) (फ), | |
| 23 | किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की स्त्री को साशय ऐसे कार्यो या अंगविक्षेपों का उपयोग | पीड़ित व्यक्ति को दो लाख रूपये। संदाय निम्नानुसार किया जायेगाः- |

| | | |
|---|---|---|
| | से शारीरिक क्षति या मानसिक अपहानि कारित करना ख्(अधिनियम की धारा (3)(1) (यख), | बेइज्जती, क्षति और उसकी अवमानना के अनुसार संदाय<br>(i) प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) प्रक्रम पर 25 प्रतिशत<br>(ii) 50 प्रतिशत जब आरोप पत्र न्यायालय को भेजा जाता है।<br>(iii) 25 प्रतिशत जब अभियुक्त को अवर न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किये जाने पर। |
| 38 | सामाजिक या आर्थिक बहिष्कार अधिरोपित करना या उसकी धमकी देना ख्(अधिनियम की धारा (3)(1) (यग), | सम्बन्धित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा अन्य व्यक्तियों के साथ समान रूप से सभी सामाजिक और आर्थिक सेवाओं की बहाली और पीड़ित को एक लाख रूपए का अनुतोष। जिसका संदाय पूर्ण रूप से अवर न्यायालय को आरोप पत्र भेजने पर किया जायेगा। |
| 39 | मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना। ख्(अधिनियम की धारा (3)(2)(प) और (पप), | पीड़ित को चार लाख पचास हजार रूपए संदाय निम्नानुसार किया जायेगाः<br>(i) प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) प्रक्रम पर 25 प्रतिशत।<br>(ii) 50 प्रतिशत जब आरोप पत्र न्यायालय को भेजा जाता है।<br>(iii) 25 प्रतिशत जब अभियुक्त को अवर न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किये जाने पर। |
| 40 | भारतीय दंड संहित (1860 का 45) के अधीन अपराध करना, जो दस वर्ष से उससे अधिक के कारावास से दंडनीय है। ख्(अधिनियम की धारा (3)(2), | पीड़ित और या उसके आश्रितों को चार लाख रूपए। इस रकम में फेरफार हो सकता हैं यदि अनुसूची में विनिर्दिष्टत अन्यथा उपबन्ध किया गया हो, संदाय निम्नानुसार किया जायेगाः<br>(i) प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) प्रक्रम पर 25 प्रतिशत।<br>(ii) 50 प्रतिशत जब आरोप पत्र न्यायालय को भेजा जाता है।<br>(iii) 25 प्रतिशत जब अभियुक्त को अवर न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किये जाने पर। |
| 41 | भारतीय दंड संहित (1860 का 45) के अधीन अपराध करना, जो अधिनियम की अनुसूची मे विनिर्दिष्ट हैं, जो ऐसे दंड से दंडनीय है जैसा ऐसे अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता में विनिर्दिष्टत किया गया है। ख्(अधिनियम के साथ पठित धारा (3)(2)( va), | पीड़ित और या उसके आश्रितों को दो लाख रूपए। इस रकम में फेरफार हो सकता हैं यदि अनुसूची में विनिर्दिष्टत अन्यथा उपबन्ध किया गया हो, संदाय निम्नानुसार किया जायेगाः<br>(i) प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) पर 25 प्रतिशत<br>(ii) 50 प्रतिशत जब आरोप पत्र न्यायालय को |

